तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 9 जुलाई 2024



12 भैसाकन्हार में स्कूल भवन की मांग पर ग्रामीणों ने...



12 बिजली कटौती एवं बिल में बढ़ोतरी के विरोध में...




# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.


## खबर संक्षेप



### युवक के सिर पर शराब की बाँटल से किया हमला

**कांकेर।** शहर के जवाहर वार्ड में बैठे हुए व्यक्ति के साथ पुरानी बातों को लेकर वाद विवाद हुआ, विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया और आरोपियों के द्वारा शराब के बाँटल से सिर, पीठ व गले में हमला बोल दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे शहर के जवाहर वार्ड निवासी 20 वर्षीय अजय देहारी पिता राजेलाल देहारी ने पुलिस को बताया कि मैं 7 जुलाई की रात 11 बजे खाना खाकर जवाहर वार्ड गार्डन के पास टहल रहा था, इसी दिन रात साढ़े 11 बजे मेरे सिर में दर्द होने के कारण शिव मंदिर के पास बैठा था, उसी समय मेरे पहचान वाले बबलू नाग और करण नाग मेरे पास आए और पुरानी बातों को लेकर मेरे साथ वाद विवाद कर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पास में रखी शराब की बोटल से मेरे सिर, पीठ व गले में मारपीट किए, जिससे चोंटे आई हैं। मारपीट की घटना को तिलक ने देखा सुना व बीच बचाव किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बीमार महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम नारा गुरुर जिला बालोद निवासी 52 वर्षीय शांति बाई कोर्राम पति उमेड़ी का स्वास्थ्य खराब होने से मृत्यु हो गई। प्रार्थी रामलाल कुरेटी ने पुलिस को बताया की 7 जुलाई को सुबह 5 बजे मृतिका किराए के मकान सलिहापारा भानुप्रतापपुर में मृत हालत में पड़ी थी। मकान के बाजू किराए के मकान में निवासरत दुर्गा पुड़ो से पूछनें पर बताया कि रात में मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण बाजू वाले कमरे में आकर सोई थी, सुबह उठकर देखी तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत ग्राम कोण्डे निवासी राजेन्द्र ताराम पिता बसाराम का ईलाज के दौरान मौत हो गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक 14 जून को दोपहर डेढ़ बजे सीएचसी भानुप्रतापपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिलाई निवासी 32 वर्षीय रामूराम यादव पिता स्व. फगनूराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक के बेटे ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक 6 जुलाई की दरम्यानी रात में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# खेती-किसानी इस बार फिर हुई महंगी, बढ गए बीज, खाद व मजदूरी के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धान का समर्थन मूल्य भले ही इस बार प्रति क्विंटल 3100 रुपए कर दिया गया है, लेकिन दूसरी तरफ बीज, डीएपी के बढ़े मूल्य, बढ़ी मजदूरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बीज निगम ने इस बार धान सहित दलहन, तिलहन, सोयाबीन सहित सभी बीजों के दाम में एकतरफा बढ़ोत्तरी कर दी है, जिसके चलते खेती-किसानी करना मंहगा हो गया है।

किसानों का कहना है कि इस बार बीज निगम ने ज्यादा ही बीज के दाम बढ़ा दिए हैं। बीज के साथ ही ट्रैक्टर, रोपाई और मजदूरी के दर भी बढ़ गए है। इसके अलावा फसल में उपयोग होने वाली दवाईयों की कीमतों में भी इस बार निजी कंपनियों ने पिछले साल के मुकाबले पंद्रह फीसदी की बढ़ोत्तरी कर किसानों को चिंता में डाल दिया है। बीज निगम द्वारा प्रत्येक बीज के दाम में पांच सौ रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की बढ़ोतरी कर दी है।

मानसून सक्रिय होते ही खाद के उठाव में तेजी आ गई है, लेकिन किसानों को उनके मनमाफिक खाद नहीं मिल पा रहा। किसानों की पहली पसंद खाद डीएपी है और किसान को डीएपी खाद सोसायटी में नहीं मिल पा रही है, इसके चलते किसानों को खुले बाजार के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। खुले बाजार में भी किसानों की मांग पर उनको डीएपी की जगह एनपीके या ग्रोमार खाद लेने की सलाह दी जा रही है।

## किसानों को नहीं मिल रही डीएपी खाद, हो रहे परेशान



### पांच हजार की रोपाई सात हजार तक पहुंची

किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष प्रति एकड़ में धान की रोपाई पांच हजार में हो जाती थी, परंतु इस बार रोपाई बढ़कर सात हजार तक पहुँच गया है। ट्रैक्टर प्रति घंटे की जोताई के लिए 800 रूपएं लेते थे, वह अब 1000 रूपएं हो गया है। इसी तरह मजदूरी 250 रूपएं से बढ़कर साढ़े तीन सौ रूपएं तक पहुंच गया है। हार्वेस्टर से कटाई प्रति घंटा दो हजार रूपएं से अधिक हो गया है। इसके अलावा फसल को घर ले जाने और कटाई करने के बाद सोसायटी तक ले जाने का भाड़ा वहन करना पड़ता है। इस तरह मंहगाई की चौतरफा मार किसानों को झेलना पड़ रहा है। खेती किसानी का काम अब मंहगा होते जा रहा है।

## सुनवाई : प्रभावितों के दिए गए मुआवजा की पुनर्गणना का दिया निर्देश

# अजजा आयोग के अध्यक्ष ने सुनवाई में में 11 गांवों के ग्रामीणों की सुनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ वन विभाग की जगह ठेकेदार ने काटे पेड़, एफआईआर दर्ज करने किया निर्देशित

विद्युत विभाग द्वारा भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में 132 केव्ही डीसीएसएस भानुप्रतापपुर के पुत्तरवाही से कच्चे तक विद्युत पारेषण लाइन निर्माण के अंतर्गत आने वाले 27 मीटर चौड़ाई के कॉरीडोर के निर्माण में प्रभावित होने वाले 11 गाँव पुत्तरवाही, बांसला, चबेला, सम्बलपुर, धानगुदरा, कराठी, टेढ़ाईकोंदल, भैंसमुडी, भैंसाकन्हार, टेकाढोढा, कच्चे के ग्रामीणों ने अजजा आयोग से शिकायत दर्ज कराया था, उसी शिकायत की 8 जुलाई को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अजजा आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने सुनवाई करते हुए कई निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में हुई सुनवाई में अजजा आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने सुनवाई करने के उपरांत प्रशासन को निर्देशित किया कि मुआवजा का पुर्नणना किया जाए। प्रभावित ग्रामीणों की जमीन का जो मुआवजा दिया गया है, उसका बेहतर मूल्य क्या दिया जा सकता है, उसका शासन से मार्गदर्शन लेने निर्देश दिया। प्रभावित गांव के कुछ लोगों के जमीन का उपयोग किया गया है, परंतु उनको मुआवजा नहीं मिला है, उसकी जाँच कर उनके नाम शामिल करने की बात कही। पेड़ कटाई का अधिकार वन विभाग को है, परंतु पेड़ की कटाई ठेकेदार ने करवा दिया। ठेकेदार के खिलाफ अजजा थाने में एफआईआर दर्ज करवाने निर्देशित किया गया। बैठक में पहुँचे ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने इसकी शिकायत उसी दौरान प्रशासन से किया था, परंतु हम लोगों की कोई सुनवाई नहीं हुई। सुनवाई नहीं होने पर हम लोग अजजा आयोग में आवेदन दिया और अपनी ▶▶| शेष पेज 10 पर



### प्रभावितों ने आयोग के सामने रखी थीं माँगें

प्रभावित गाँव के लोगों ने आयोग के सामने माँग रखी थी कि बिजली लाइन के निर्माण का कार्य तुरंत स्थगित किया जाए और सभी ग्राम सभा में अनुमति के लिए कंपनी द्वारा विस्तृत विवरण सहित आवेदन किया जाए, बिजली लाइन के खंबे के नीचे आने वाली जमीन का न्यूनतम मुआवजा आदर्श पुनर्वास नीति और आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के अनुसार हो तथा उस जमीन पर ली जा रही फसल की सालाना क्रय राशि का अगले 30 साल के लिए मुद्रास्फीति सहित गणना करते हुए उसका भी मुआवजा दिया जाए। व्यक्तिगत तथा सामुदायिक राजस्व तथा वन जमीन पर खड़े पेड़-पौधे का तथा उनसे मिलने वाले वनोपज तथा पर्यावरणीय सेवाओं का मुआवजा पेसा नियम के अनुसार अगले 30 साल का आंकलन करते हुए दिया जाए। निर्माण में होने वाले व्यक्तिगत, सामुदाविक अधिकार, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के नुकसान जिसमे वृक्ष, गौण वनोपज, निस्तार, चराई का नुकसान भी शामिल है की गणना ग्राम सभा की वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के तहत बनी सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति या पेशा नियम,2022 के बनी साधन योजना प्रबंधन समिति के साथ संयुक्त रूप से किया जाए एवं मुआवजा का भुगतान ग्राम सभा एवं व्यक्तिगत अधिकार धारकों को करने के बाद ही विद्युत लाईन का कार्य किया जाए।

# बिजली कटौती व दाम बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बिजली कटौती और बिजली के दामों की बढ़ोतरी के विरोध में कांकेर शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक द्वारा संयुक्त रूप से 8 जुलाई को पुराने बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार सुरेश रॉय को सौपा।

नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, बिजली की कटौती से जनता परेशान है। बिजली कटौती और महंगी बिजली के कारण परेशान जनता की आवाज को उठाने कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया है। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है, ऐसा कोई दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थाएं । सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। आज हालात यह है कि प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा की सरकार आने के बाद बिजली कटौती शुरू हो गई और बिल दुगुना आने शुरू हो गया है जिससे आमजनता का सरकार के प्रति नाराजगी साफ दिख रहा है।

जिला महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पूरे 5 साल सरप्लस बिजली छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं को मिलता रहा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद तेलंगाना, गोवा, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यो को पवार एक्सचेंज एग्रीमेंट के तहत छत्तीसगढ़ से बिजली सप्लाई की जाती थी और छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ लगता था, लेकिन भाजपा के सरकार में महंगे दामों पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शिक्षा के संबल से इनसान तरक्की की सभी ऊंचाइयां छू सकता है : भोजराज

**चारामा।** ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव शासकीय उमावि कोटतरा में सांसद भोजराज नाग के मुख्य आतिथ्यि और जनपद अध्यक्ष अरूण मरकाम की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तकें व गणवेश के अलावा नवमीं के छात्राओं को साइकिल का भी वितरण किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने कहा कि शिक्षा के प्राचीनतम सनातन संस्कार, ऋषि परंपरा के महत्ता के बारे बताया और कहा कि शिक्षकों को छात्रों को ऐसी शिक्षा देना चाहिए, जिससे वह विद्यालय के साथ साथ कांकेर का नाम रोशन करें। शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है, जिससे इंसान किसी भी ऊचाई पर पहुँच सकता है। पर्यावरण बचाने की अपील भी किया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना एक पेड़ मां नाम पर हर व्यक्ति को पेड़ लगाने की आग्रह किया। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति पहुंचे, इस जुनून से काम करने की बात कही। कार्यक्रम के समस्त अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। शाला प्रवेशोत्सव में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य मीना नवली मंडावी, जनपद सदस्य सत्कार पटेल, लक्ष्मण सिंह नाग, विजय मंडावी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री आलोक ठाकुर रहे। अतिथियों ने 2023-24 में नवोदय विद्यालय के लिए चारामा ▶▶| शेष पेज 10 पर



## शराब के नशे में पति ने पत्नी व पिता के साथ की मारपीट तब पत्नी पहुंची थाने

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शांतिपारा में पति आए दिन पत्नी को शराब पीकर गाली देकर मारपीट करता रहता है। पति के द्वारा पत्नी के साथ बार बार मारपीट करने से परिशान होकर पत्नी पति के खिलाफ थाना में शिकायत करने पहुँच गई। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे शांतिपारा बांदे निवासी 24 वर्षीय सुष्मिता सिंग पति जगन्नाथ सिंग ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में मेरी शादी जगन्नाथ सिंग से हुई। शादी के बाद से मेरे पति जब भी शराब पीकर घर आते है, तब-तब मेरे साथ मारपीट करता है, पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है। इसके बारे में गांव वालों के द्वारा मेरे पति को समझाईश दिया गया, इसके बावजूद भी वह किसी की बात को नही मानता। मेरे पति 7 जुलाई की शाम करीबन 4 बजे शराब पीकर घर आया और घरेलू सामान को तोड़फोड़ करने लगा। मैने सामान को तोड़फोड़ करने के लिए मना किया, इतने में मेरे पति गुस्से में आकर गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट ▶▶| शेष पेज 10 पर



## पटवारियों ने कहा सालों से लंबित मांगों का नहीं हो रहा निराकरण

# पटवारियों का काम बंद हड़ताल शुरू, आम जनता होगी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ 32 मांगों के निराकरण के लिए मंत्री से भी मिल चुके है

राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले कांकेर में पटवारियों की अनिश्चिकालीन हड़ताल 8 जुलाई से शुरू हो गई है। पटवारियों की हड़ताल से राजस्व संबंधी सारे काम ठप हो गए हैं। पटवारियों के हड़ताल पर जाने से छात्रों को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पटवारियों ने अपनी 32 माँगो के निराकरण के लिए मंत्री से भी मिल चुके, परंतु माँगो का हल नहीं होने से पटवारियों ने इस कदम को उठाया है।



पिछले कई सालों से अपनी मांगों के निराकरण की मांग कर रहे पटवारियों ने 8 जुलाई 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। कलेक्टोरेट मार्ग पर हड़ताल पर बैठे पटवारी लगातार नारेबाजी करते हुए अपनी माँग को दोहरा रहे है। पटवारियों की हड़ताल के चलते अब तहसीलों में लोगों के काम नहीं हो सकेंगे। बारिश होने के कारण हड़ताल स्थल पर पटवारियों की संख्या कम थी, परंतु पदाधिकारियों का कहना था कि बारिश खत्म होते ही सभी पटवारी हड़ताल में पहुँचेंगे। पटवारियों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी, हमारी हड़ताल जारी रहेगी। पटवारी वेतन विसंगति, संसाधन, भत्ते स्टेशनरी भत्ता, अतिरिक्त हल्का भत्ता, पटवारी भर्ती के लिए योग्यता स्नातक रखने समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। पटवारियों को मुख्यालय निवास की बाध्यता से मुक्त रखा जाए, बिना विभागीय जांच के एफआईआर दर्ज नहीं की जाए। इन्हीं प्रमुख मांगों के साथ ही 32 मांगों के निराकण की मांग पटवारी कर रहे हैं।

पटवारी संघ के कार्यवाही अध्यक्ष संजय कुमार यादव का कहना है कि पटवारियों को ऑनलाइन राजस्व का डाटा फीड करना होता है, जबकि पटवारियों के पास संसाधनों की कमी है। वे अपने खर्च पर ही इंटरनेट, कंप्यूटर समेत अन्य व्यवस्थाएं कर रहे हैं, वहीं विभाग के पोर्टल में कई तरह की समस्या है, जिनकी पूर्ति करना अनिवार्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

### छात्रों व अन्य को उठानी पड़ेगी परेशानी

बता दें कि छत्तीसगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत हो गई है। ऐसे में छात्रों को कॉलेजों, स्कूलों और छात्रावासों समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए कई तरह के प्रमाण पत्रों और पटवारी टीप की जरूरत होती है। पटवारियों के हड़ताल पर होने से छात्रों को आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, समग्र, राशन कार्ड, नामांतरण, बंटवारा समेत ऐसे कई काम हैं, जो कि पटवारी की टीप के बगैर संभव नहीं है। ऐसे में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## महुआ शराब जब्त, महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 21 दुर्गापुर निवासी 30 वर्षीय नमिता राय पति मुकेश राय को पुलिस ने 7 जुलाई को पौने 6 बजे अवैध देशी महुआ शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा। पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिला कि एक महिला अपने घर में हाथ भठ्ठी से महुआ शराब की बिक्री करने के लिए रखी है। आरोपी के कब्जे से एक नायलोन बैग में सफेद रंग की पालीथिन में करीबन 500 एमएल क्षमता की 6 नग कुल 3 लीटर हाथ भठ्ठी से बना देशी महुआ शराब किमती 480 रुपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### अतिथि प्रशिक्षकों की मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रम में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी कुशल अतिथि प्रशिक्षकों की मेरिट सूची जारी की गई है। यह चयन सूची 28 जून को आयोजित वॉक इन इंटरव्यू में अभ्यर्थियों के दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कार के उपरांत तैयार की गई है। सूची कार्यालय की सूचना पटल एवं कोंडागांव जिला प्रशासन की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध है। मेरिट सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 11 जुलाई को दोपहर 3 बजे तक दावा आपत्ति कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं।

### शिक्षिका ने विद्यार्थियों को करवाया न्योता भोज

**कोण्डागांव।** शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोज का कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं डीईओ आदित्य चांडक के आदेशानुसार संपूर्णपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। बीईओ मनोज दुबे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ शिक्षिका आरती बेर ने सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए अपना जन्म दिवस विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के साथ केक काटकर मनाया। शिक्षिका ने अपने उच्च प्राथमिक शाला मडानार में दर्ज 105 बच्चों के लिए खीर पुड़ी की व्यवस्था कर न्योता भोज करवाया गया। जिला कलेक्टर द्वारा संपूर्ण पूर्णता अभियान के परिपेक्ष्य में विभागीय अधिकारियों को स्वेच्छा से अलग अलग विद्यालय में न्योता भोज की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। मडानार के शिक्षकों द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन दिलाने लगातार विशेष अवसरों पर पलकों एवं समुदाय को न्योताभोज खिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पी एल नाग शिक्षिका रंजीता तिग्गा ललिता समरथ शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा आरती बेर का जन्मोत्सव उत्सवपूर्वक मनाया गया। रसोइया श्रीमती विमला बघेल और उमेश नाग द्वारा भोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया।

### कांग्रेस का धरना और सांसद निवास में बार-बार बिजली गुल



**जगदलपुर।** बिजली संकट को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आज धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। बिजली की समस्या का हाल बस्तर में भी ठीक ठाक नहीं है। आज सोमवार की सुबह सांसद महेश कश्यप के गृह ग्राम कलचा में भी बिजली की समस्या दिखाई पड़ी। सांसद अपने निवास में आने वालों से मेल मुलाकात कर उनकी समस्या सुन रहे थे। आंगन में बने शेड में एक दर्जन से अधिक पंखे लगे हैं जो बार-बार रूक जाते थे। इससे पता लग रहा था कि बिजली बार-बार गुल हो रही है। वहीं सांसद निवास में कम्प्यूटर का काम भी बिजली गुल होने से प्रभावित हो रहा था। लोगों का कहना था कि आम नागरिक ही नहीं बल्कि सांसद भी बिजली संकट से जूझ रहे हैं।

### गंभीर विवाद के स्थान पर तत्काल स्वयं पहुंचे वरिष्ठ अधिकारीः दुदावत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को सजगता के साथ कार्य करने तथा गंभीर विवादों के स्थान पर तत्काल स्वयं पहुंचकर विवादों का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए धैर्यपूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस दौरान आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए भी कानून व्यवस्था को चुस्त दुरस्त बनाए रखने के निर्देश देते हुए निगरानीशुदा बदमाशों पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

**विरोध : अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

# बिजली कटौती और बिल वृद्धि पर कांग्रेस बिफरी, किया प्रदर्शन और सौंपा ज्ञापन



**चारामा/ अंतागढ़/ कोयलीबेड़ा/ दुर्गूकोंदल।** राज्य की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य मे विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि और प्रदेश भर में बार बार हो रही अघोषित कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चारामा के द्वारा नगर के कोरर चौक में 8 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन देकर विद्युत की दरो को कम करने और अघोषित बिजली को बंद करने की मांग का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार को सौपा।

आयोजित धरना प्रदर्शन में विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार प्रदेश के हर वर्ग चाहे वह गरीब हो या अमीर सभी को 400 यूनिट तक बिजली हॉफ दे रही थी, लेकिन जब से नई सरकार भाजपा की प्रदेश बनी है, बिजली बिल हाफ का लाभ तो आम जनता से छीना गया है, साथ ही बिजली की दरो में भी बढोत्तरी की जा रही है, जिसका आम जनता एंव किसानो के दैनिक जीवन पर असर पड़ेगा। केन्द्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम जनता महंगाई के बोझ तले दबी हुई है, ऐसे में आम जनता को राहत देने की बजाय बिजली की दर बढ़ाकर उन पर मंहगाई की मार और बढ़ा रही हैं। छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली देने वाला राज्य है, यहॉ से बिजली अन्य राज्यो तक जाती है, लेकिन छग में बनने वाली बिजली लेने के लिए ही छग के आम जनता और किसान को महंगा मूल्य देना पड़ रहा है। बिजली गुल से कई व्यापार एंव व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे है।

अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधन दिया। इस अवसर पर नरेन्द्र यादव जिला पंचायत सदस्य, नवली मीणा मंडावी, मिथलेश शोरी, मुनेश्वर नागराज, धर्मेन्द्र मेहता, रानू सेन, शंकर रावलानी, महेन्द्र नायक, हिरवेन्द्र साहु, सुभाष सोनकर, विष्णु यादव, कृष्णा नायक, मनोज कुमार, राजेन्द्र साहु, राजकुमार कावड़े, कैलाश कठोलिया, लिकेश धृतलहरे, के एल मरकाम, अजय यादव, कैलाश डदगिया, यशंवत नायक, रवि लाल नायक, शैलेन्द्र कुमार श्रवण कुमार, श्रीमती उषा वट्टी, चम्पा वट्टी, प्रमिला सुखदेवे, ईश्वरी तेता, धरमीन शोरी, शैलेन्द्र सिन्हा, टोकन सिन्हा, संतोषी सिन्हा, संतोष शिन्दे, सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अंतागढ़ के गोल्डन चौक पर किया प्रदर्शन

**अंतागढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 8 जुलाई को अंतागढ़ के गोल्डन चौक में कांग्रेसियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया।

धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों का कहना था कि सरकार लगातार वादाखिलाफी कर रही है। हमारी माँग है कि बिजली कटौती बंद करके 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए, बिजली बिल दर में की गई बढ़ोतरी को कम करके पूर्व सरकार की तरह बिजली बिल हाफ योजना लागू किया जाए, महतारी वंदन योजना का लाभ हर परिवार के महिलाओं को दिया जाए। कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन के उपरांत इन माँगो का ज्ञापन राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव बसंत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, जनपद अध्यक्ष बद्री गावड़े, विश्राम गावडे, जयंत पाणिग्रही, दिलीप दुग्गा, जगदेव कड़ियांम, राकेश गुप्ता पुष्पा ध्रुव, गायत्री निषाद, जीवन वट्टी,गुड्डा नेताम, दीपक मेश्राम, संतोष राणा, नितिन कुमार, विशाल कुमार, सुजन निषाद, पृथ्वी उईके व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कोयलीबेड़ा में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीवेड़ा में प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा विद्युत दर में वृद्धि को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना देकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें 8 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग सहित अघोषित विद्युत कटौती शीघ्र बंद करने की मांग की गई है। इस अवसर पीसीसी सदस्य रतीराम दुग्गा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रवण यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंह बघेल, ब्लॉक महामंत्री श्रवण नेताम, अनिल दर्रो, अशोक, कार्यक्रम प्रभारी दुर्गेश ठाकुर, शेख शरीफ, कुलदीप लावतरे, राजू गावड़े सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### दुर्गूकोंदल में कांग्रेसियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**दुर्गूकोंदल।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल ने बिजली बिल दुगुनी बढ़ोतरी और अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ राज्यपाल के नाम तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन सौंपा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिंग आचला, युवक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश माहवे, जिला पंचायत सदस्य अमिता उयके, जनपद सदस्य मुकेश्वरी नरेटी, राजू सिंघोड़िया, मुन्ना सिन्हा, रामजी पुड़ो,जीवन उयके ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नही दे पा रही है, बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रही है, आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है, स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने कि तैयारी भाजपा सरकार कर रही है, कांग्रेस इराका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने 6 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें, सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है। इस अवसर पर सरपंच धनेश नरेटी, गोकुल गावड़े, मानसिंग गावड़े, अघन नरेटी, नंदलाल कुलदीप, खेमेश्वर नरेटी, विजय नाग व अन्य उपस्थित रहे।

## विद्युत दर में वृद्धि व अघोषित कटौती के विरोध में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा विद्युत की अघोषित कटौती एवं विद्युत दरों में की गई वृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी द्वारा बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बिरस साहू ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार में विद्युत की सप्लाई निरंतर की जाती थी। साय सरकार ने साय-साय लाइट बंद कर दिया है। विद्युत की रेट में भी बहुत ज्यादा इजाफा किया है। जिसके कारण आम जनता और किसानों को बहुत से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे भी क्षेत्र में औसत से कम बारिश होने के कारण बोर भी नहीं चल पा रहा, जिससे किसानों को डबल मार पड़ रही है।

भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार हो रही बिजली कटौती, लाइट गोल और बिजली बिल में हुई वृद्धि से किसान एवं आमजन को हो रही परेशानियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कोंडागांव शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में 8 जुलाई दिन सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन माकड़ी बस स्टैंड चौक में रखा गया।

**ये रहे उपस्थित** –प्रदेश सचिव बिरस साहू, जिला पंचायत सदस्य सभापति हेमलाल बघेल, ब्रह्मा मरकाम ,सरपंच ब्लाक अध्यक्ष हेमलाल वट्टी, रामकुमार कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष गौतम साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष श्रीराम नेताम, आकाश महाजन, जनपद सदस्य भिगू कश्यप, सरपंच मनीराम मरकाम, अमित मरकाम,लखमू मरकाम और कांग्रेस के लोग उपस्थित रहे।

## एनएमडीसी के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों की हो भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिला कोण्डागांव के सह सचिव का शैलेष एवं अखिल भारतीय नवजवान सभा जिला कोण्डागांव के जिला सचिव का.जयप्रकाश, का.सोमारुराम, का.लक्ष्मीनाथ, का.मुकेष, कामेश्वर, रामचरण, सुकनाथ, रिंकु आदि द्वारा 8 जुलाई को एनएमडीसी के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को भर्ती करने निदेशक उत्पादन एवं कार्मिक, एनएमडीसी लिमिटेड मुख्यालय हैदराबाद को सम्बोधित एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

एनएमडीसी के रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों की भर्ती करने संबंधी दिए ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के अंतर्गत आता है। क्षेत्र में भी आदिवासीजन बहुलता से एवं अन्य स्थानीयजन भी निवासरत हैं। इस क्षेत्र में तकनिकी व गैर तकनीकी शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियां काफी संख्या में हैं। लेकिन अक्सर देखा गया है कि एनएमडीसी में जो भी भर्तियां होती है उनमें आदिवासी सहित अन्य स्थानीयजनों को मौका नहीं मिल पाता है। बल्कि अन्य राज्यों के युवक–युवतियों की भर्ती हो जाती है, जिससे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों का हक छिन जाता है। यहां की शिक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत नहीं है कि स्थानीय युवक व युवतियां अन्य राज्यों के होने वाले प्रतियोगी परिक्षाओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर सकें। वैसे भी यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची में आता है, इसलिए तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में स्थानीय बेरोजगारों का ही सर्वप्रथम हक बनता है। इस संबंध में पहले भी पत्रचार के माध्यम से जिला कलेक्टर एवं एनएमडीसी प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक स्थानीय बेरोजगारों के हक के बारे में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएमडीसी के दोनों परियोजनाओं किरंदुल व बचेली में लगभग चार सौ पद रिक्त हैं और उन्हें भरे जाने के संबंध में कुछ ही समय में विज्ञापन जारी होने वाला है। इसलिए हमारी मांग है कि इन सभी रिक्त पदों की भर्तियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाए। तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए एनएमडीसी में होने वाली भर्तियों में स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने में प्राथमिकता देने के लिए शीघ्र से शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए।

## स्वयंसेवी और स्कूली बच्चे जगाएंगे शिक्षा की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर दुदावत ने स्वयंसेवियों के पंजीयन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार स्वयंसेवियों तथा असाक्षरों के ऑनलाईन पंजीयन का कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने असाक्षरों को शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, युवोदय के स्वयंसेवियों के साथ हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी पंजीकृत करने के निर्देश दिए। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को 200 घण्टे का अध्यापन कराकर बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान प्रदान कराकर नवसाक्षर बनाने, महत्वपूर्ण जीवन कौशन वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, मतदान साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता. परिवार कल्याण की शिक्षा प्रदान करने, बुनियादी शिक्षा समतुल्यता कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक स्तर कक्षा 3 से 5. मध्य स्तर कक्षा 6 से 8 और माध्यमिक स्तर कक्षा 9 से 12 वी की समतुल्यता प्रदान करने, व्यावसायिक कौशल विकास नवसाक्षरों को रोजगार प्रदान करने निर्देश दिये।

## अघोषित कटौती व विद्युत दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल

**केशकाल।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश नेताम और प्रभारी जेठू मण्डावी के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ प्रदेश मे भाजपा सरकार आने क्रे बाद से लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, लाइट गोल और बिजली बिल में हुई बेतहाशा वृद्धि से किसान एवं आमजन को हो रही परेशानियों क्रे खिलाफ कांग्रेसियों ने हल्ला बोला। ब्लॉक केशकाल में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में अमीन मेमन प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, जेठू मण्डावी जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कोण्डागाँव, राजेश नेताम अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी केशकाल, रोशन जमीर खान अध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल, राजेन्द्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल, पिताम्बर नाग जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोण्डागाँव, नरेश नेताम जनपद सदस्य , पूर्व पार्षद जितेन्द्र रजक सरपंच गण में ओमप्रकाश मरकाम डोहलापारा,माहेश्वरी हिड़को बाटराली, सुरेखा मरकाम, बेड़ामा, संगीता नेताम सिंघनपुर, रवि गोयल, नीतू डे, खिलेश्वर शोरी, भगवानी ध्रुव, राकेश कुंजाम, पप्पू जैन, इमरान, हासम मेमन, कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी समेत महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस सेवा दल सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**2 लाख देने की घोषणा भी की**

## छग महतारी की मूर्ति का विधायक सावित्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

आंवरी में नव सृजन आयोजक समिति के द्वारा स्थापित की गई छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति का लोकार्पण विधायक सावित्री मंडावी ने किया। लोकार्पण के पूर्व ग्रामीण और आयोजक समिति के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मंडावी ने ग्रामीणों और समिति को बधाई देते हुए ग्राम के विकास के लिए एक जुट रहने की बात कही। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने गांव के तालाब में शेड निर्माण के लिए 2 लाख रूपए देने की घोषणा किया। ग्राम के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीणों की यह सोच बहुत अलग हैं। पूर्व की कांग्रेस सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ की अस्मिता को आगे लाने के लिए कई कार्य किये थे, जिसमें छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत अरपा पैरी के धार की धुन भी अब कही गुम हो गई हैं। छत्तीसगढ़ के अस्मिता के लिए किए गए कार्य अब दिखाई नहीं दे रहे है। सरकार कोई भी हो, छत्तीसगढ़ की अस्मिता के कार्य चलते रहना चाहिए। समिति के अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि पूरे जिले में छत्तीसगढ़ महतारी की यह पहली मूर्ति हैं।



इस मूर्ति को आयोजक समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 4 लाख की लागत से मूर्ति सहित मंच का निर्माण किया गया, जिस धरती पर हम रह रहे हैं, जो माता हमें अपनी गोद में जीवन जीने का सहारा दे रही हैं। उनकी मूर्ति की स्थापना की इच्छा समिति की और से जाहिर की गई और जिसे पूर्ण भी किया गया। छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति हमें और हमारी आने वाली पीढ़ी को उनका आशीर्वाद लगातार मिलता रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मिथलेश शोरी, जनपद सदस्य अमिता बंजारे, सरपंच आंवरी मनाय गावड़े, पूर्व सरपंच लक्ष्मीकांत गावड़े, नवसृजन आयोजक समिति अध्यक्ष भूषण सिन्हा, प्रेमलता सुकदेवे, लखनुपरी सरपंच चंपा वट्टी, धन्नूराम साहू, डोमार सिंह साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा, मकुंद यादव, बोधन साहू, चुम्मान पाल, रिलेश यादव, पवन यादव, कन्हैया साहू, बिहारी निषाद, घनश्याम साहू, तिलेश्वर साहू, लोकेश साहू, योगेश साहू, टकेश्वर कुलदीप उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष...

### अजजा आयोग...

समस्या को बताया। आयोग ने मामले की सुनवाई करते हुए हमारे पक्ष में निर्णय दिया है। हमारी माँग है कि हमारी जितनी जमीन का उपयोग विद्युत विभाग ने किया है, उसका सही मुआवजा मिलना चाहिए। विभाग ने आनन फानन में पुलिस व प्रशासन का उपयोग करके विद्युत पोल को लगवा दिया गया है, हमारी समस्या को नहीं सुना गया।

### बिजली कटौती व ...

उपभोक्ताओं को बिजली खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा है और भाजपा की डबल इंजन की सरकार में अघोषित तौर पर बिजली की कटौती जारी है,जिससे आमजन और किसान परेशान है। आयोजित धरना प्रदर्शन में यासीन करानी, मनोज जैन, रोमनाथ जैन, मकबूल खान, विजय यादव, मतीन खान, दीपक शोरी, संग्राम नेताम, अजय सिंह रेणु, उदय बंटी शर्मा, शदाब खान,संजीव अहिरवार, चमन साहू, लोमेन्द्र यादव, किशन साहू, सोमेश सोनी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल हुए।

### शिक्षा के संबल से...

ब्लाक से चयनित 31 छात्र, राष्ट्रीय सह-साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति में चयनित119 छात्र, ब्लाक चारामा के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों से राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान बनाने वाले के साथ साथ 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 25 छात्र छात्राओं को, एकलव्य आवासीय विद्यालय व प्रयास विद्यालय के लिए चयनित छात्रों को सम्मानित करते हुए पुरूस्कृत किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रताप सलाम, ढाल सिन्हा, थान सिंह साहू, पुनीत राम नेताम एवं ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सफल बनाने में बीईओ केशव राम साहू, बीआरसी रामकमल सुकदेवे, कोटतरा हायर सेकेंड्री स्कूल के प्राचार्य सुरेश नेताम, समस्त संकुल समन्वयक व शिक्षको व छात्र उपस्थित रहे।

### शराब के नशे ...

करने लगा। मारपीट की घटना को देखकर मेरे ससुर अमृत सिंग बीच बचाव करने के लिए आए, तो उनके साथ भी धक्का मुक्की करने लगा और धक्का देकर जमीन में गिरा दिया। मारपीट की घटना को देखकर मेरे देवर जयदेव सिंग के द्वारा बीच बचाव किया गया।

देवर के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। मारपीट की घटना को परिवार के सभी सदस्य व पड़ोसियों ने देखा है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2) 296 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पटवारियों का काम...

है। पोर्टल पर कमियों के चलते आम जनता ज्यादा परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी कई कार्य ऐसे हैं, जिनमें बदलाव या सुधार की जरूरत होती है, परंतु पोर्टल में एडिट का ऑप्शन ही नहीं है। इसके अलावा अन्य कई माँगे है।

## खबर संक्षेप

### राजस्व पखवाड़ा आयोजन के लिए शेड्यूल जारी

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिले के तहसीलों में राजस्व पखवाड़ा आयोजन के लिए शेड्यूल जारी किया है। शेड्यूल के अनुसार 8 जुलाई को नानगुर तहसील के पुसपाल में, 9 जुलाई बास्तानार तहसील के मुतनपाल में, 16 जुलाई को कोड़ेनार में, 10 जुलाई को भानपुरी तहसील के मुण्डागांव में, 11 जुलाई को तोकापाल तहसील के एर्राकोट में, 12 जुलाई को लोहण्डीगुडा तहसील के मारडूम में और 19 जुलाई को अलनार में, 13 जुलाई को दरभा तहसील के केशापुर और 20 जुलाई को कोलेंग, 15 जुलाई को बस्तर तहसील के ईच्छापुर में, 16 जुलाई को बकावण्ड तहसील के कोसमी में और 17 जुलाई को करपावण्ड तहसील के जैबेल में राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को वृहद राजस्व पखवाड़ा के प्रचार-प्रसार हेतु चयनित स्थल के आस-पास के गांवों में कोटवारों के माध्यम से मुनादि करवाने के निर्देश दिए हैं। ताकि उस क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीण चयनित स्थल पर उपस्थित होकर राजस्व संबंधित कार्यों का निराकरण करवा सकें।

### सड़क निर्माण में आ रही दिक्कतों का निराकरण

**बीजापुर।** बहुप्रतीक्षित बीजापुर बाय-पास सड़क निर्माण में आ रही बाधा अब दूर हो गई है। वर्षों से लंबित पड़े बाय-पास सड़क निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति से अवगत हो कर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा विशेष पहल करते हुए सड़क निर्माण में आ रही कठिनाईयों का निराकरण किया गया। सड़क निर्माण में प्रभावित भूमि के बदले पहले वृक्षारोपण हेतु भूमि बीजापुर में उपलब्ध नही होने के कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध हो गया था, जिसे कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आवश्यक पहल करते हुए जांजगीर चांपा के कोसमंदा गांव में 20 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराने में सफल हुए। जिसके परिणाम स्वरूप अब बाय-पास सड़क निर्माण की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो सकेगी। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के इस पहल से जिले के विकास एवं आवागमन की सुविधा बढ़ेगी। भारी वाहनों का शहर के बीच सड़क में दबाव कम होगा जिससे ट्रेफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

खेलकूद : 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा का समापन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- खेल भावना और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन करना खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि : किरण देव
- स्पर्धा में शामिल सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की



खेलकूद जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेलकूद के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। हार-जीत प्रत्येक स्पर्धा के दो पहलू है, लेकिन स्पर्धा में खेल भावना और अनुशासन के साथ अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन करना खिलाड़ी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह बात विधायक जगदलपुर किरणदेव ने रविवार को स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा के समापन अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और गणमान्य नागरिकों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल करने वाली बस्तर जोन की टीम को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। वहीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में शामिल सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना कर आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। जगदलपुर में 4 से 7 जुलाई तक आयोजित इस 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन ने ओवरऑल चैंपियनशिप हासिल किया।

आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस सुब्रतो कप फुटबॉल स्पर्धा में प्रदेश के 5 जोन दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर के 250 से अधिक खिलाड़ी छात्र-छात्राएं और खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षक सम्मिलित हुए। जिसमें बालक वर्ग में 15 एवं 17 वर्ष तथा बालिका वर्ग में 17 वर्ष आयु के खिलाड़ी शामिल हैं। इस 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में 17 वर्ष आयु समूह के बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में बस्तर जोन ने प्रथम तथा दुर्ग जोन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 15 वर्ष आयु समूह के बालक वर्ग में बस्तर जोन ने प्रथम तथा सरगुजा जोन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विजेता एवं उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरूस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, खेल एवं युवक कल्याण के उप संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अखिलेश मिश्रा, बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक समेत अन्य जन मौजूद रहे।

### प्रतिभा की कमी नहीं

विधायक किरणदेव ने कहा कि बस्तर अंचल सहित पूरे प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें निखारने सहित बेहतर अवसर प्रदान करने की जरूरत है। राज्य सरकार शिक्षा प्रदान करने सहित खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव पहल कर रही है। इस दिशा में खेल सुविधाओं के विस्तार सहित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने किया संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- अधिकारियों की कार्यालय में उपस्थिति का लिया संज्ञान
- परिसर में कार्यालयों की बैठक और साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सोमवार को जिला संयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर, कौशल विकास प्राधिकरण, आधार सेंटर, उप पंजीयक कार्यालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई, हथकरघा, विद्युत सुरक्षा, उप पंजीयक सहकारिता, श्रम न्यायालय, योजना एवं सांख्यिकी, पीएचई, अंत्यावसायी, खनिज विभाग, श्रमपदाधिकारी, उप पंजीयक वाणिज्यिक कर (पंजीयक एवं मुद्रांक) निर्वाचन शाखा, जिला विपणन अधिकारी और स्थानीय निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने संयुक्त कार्यालय के कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति का संज्ञान लिया। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में शिक्षा विभाग के संलग्न अधिकारियों को मूल विभाग में वापसी का संज्ञान लिया। योजना एवं सांख्यिकी विभाग के अभिलेखों को समिति के माध्यम से मूल्यांकन करवाकर निष्पादन करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी कार्यालय में बैठक व्यवस्था को दुरूस्त करके आस पास साफ-सफाई करवाने कहा, साथ ही परिसर के पार्किंग स्थल में फैले मलबा और झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए। संयुक्त कार्यालय में तीनों फ्लोर स्थित कार्यालयों के संकेतक लगाने की व्यवस्था करने कहा।

# अव्यवस्था पर भड़के कलेक्टर ने दिए अधीक्षक को मूल शाला में भेजने व एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- कलेक्टर ने दुगईगुड़ा बालक आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शनिवार को उसूर ब्लॉक के दुगईगुड़ा के बालक आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की अव्यवस्थाओं से नाराजगी व्यक्त करते हुए वहां पदस्थ अधीक्षक को मूल शाला में वापस भेजने एवं उक्त अधीक्षक के एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर अनुराग पाण्डेय प्राथमिकता के साथ जिले के सभी स्कूल, आश्रम, छात्रावासों एवं पोटाकेबिनों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, परिसर की स्वच्छता सहित सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। स्वयं कलेक्टर एवं जिले के नामजद अधिकारियों द्वारा लगातार शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, एसडीएम उसूर भूपेन्द्र गावड़े, तहसीलदार सूर्यकांत घरत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



## सिटी ग्राउंड में 100 पौधे लगाकर रक्षा का लिया संकल्प

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर 6 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम थीम पर विद्या ज्योति स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सिटी ग्राउंड में पौधरोपण किया। ग्राउंड के चारों ओर 100 पेड़ लगाकर उसके पालन पोषण का संकल्प लिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और पीडब्ल्यूडी सभापति का सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि यशवर्धन राव और देवेंद्र सिंह वर्मा पर्यवेक्षक अधिकारी, एनएसएस छात्र-छात्राएं, फादर बॉबी और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# नियमित योग और संतुलित भोजन से रोग नहीं फटकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- योग से विमला ने 4 किलो वजन किया कम



पतंजलि योग समिति नगर इकाई के तत्वावधान में नौ दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन 5 वीं बटालियन कंगोली में योगाचार्य उमेश सोनी पतंजलि योग समिति नगर अध्यक्ष के निर्देशन में संचालित हुआ। जिसमे सैकड़ो लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। योग शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी, शुगर वजन का प्रतिदिन जांच किया गया। अनेक लोगों ने अपना वजन घटाया विमला सिन्हा ने 4 किलो, सुधा सिंग, प्रतिभा सोनी, द्रौपदी जैन 3-3 क्लिो वजन कम किया और अनेक शिविरार्थियों ने अपने मोटापा, गैस एसिडिटि, बीपी, शुगर तनाव आदि में नियंत्रण पाया। योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी डा मनोज पानीग्राही, अध्यक्षता आनंद कुमार तिर्की कमांड अधिकारी 5 वीं बटालियन रहे। डा पानीग्राही ने कहा कि योग समिति द्वारा 11 जुलाई से सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है, जो योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के आशीर्वाद से देश भर के सभी जिले में एक साथ 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का संचालित होगा। 5 वीं बटालियन परपा कैंप के सेनानी परिवार ने आने वाले 25 दिवसीय योग शिक्षक शिविर में भाग लेने की बात कही। योग प्रशिक्षक उमेश कुमार सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान हरी प्रसाद, मुन्नी सिंह, गायत्री बडड़कस, लिलिमा साह, 5 वीं बटालियन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में एक पौधा मां के नाम पर रोपण किया गया।

## पीपल्स केयर समिति ने भिरलिंगा में किया पौधारोपण ...



**जगदलपुर।** भिरलिंगा ब्लाक बस्तर के 101 परिवारों ने पीपल के 101 पौधे लगाने की शुरुआत कर रक्षा का संकल्प लिया। सांसद महेश कश्यप एवं पीपल्स केयर छत्तीसगढ़ के प्रांत अध्यक्ष सुरेश यादव, संरक्षक योगेंद्र कौशिक व बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने पौधरोपण किया। सुरेश यादव ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में 5000 से ज्यादा पीपल के पौधे ग्राम समितियों के माध्यम से ग्राम के सभी तालाब व देवगुड़ी में लगाया जाना है। पीपल्स केयर समिति का उद्देश्य हैं, प्रदेश में हर परिवार का अपना एक पीपल का पेड़ हो। बेहतर कल के लिए आज ही एक पीपल का पेड़ लगाएं।

# संवैधानिक शिविर में ग्रामीणों को दिया कानूनी ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पौधरोपण कर पर्यावरण साफ रखने का लिया संकल्प



समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष जी.आर. बंजारे ज्वाला के मार्गदर्शन में ग्राम नवागुड़ा में संवैधानिक शिविर का आयोजन किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर संवैधानिक शिविर को राष्ट्रगान और राज्य गीत गाकर शुरू किया गया। अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. जगनाथ बघेल ने संविधान की उद्देशिका और भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी। शिक्षक सुखदेव राम नाग ने समाज सेवा के बारे में जानकारी दी। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गोपाल पोयाम ने हल्बी लोक गीत गाकर लोगों को आनंदित किया। शिक्षक महताप सिंह बघेल ने वृक्षारोपण के बारे में जानकारी दी। चिड़पाल सरपंच पीलू राम कश्यप ने ग्रामों में संवैधानिक शिविर लगाने के उद्देश्य के बारे में बताया। संवैधानिक शिविर में भूपेंद्र बघेल सब इंस्पेक्टर को कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण गुण्डाधुर स्वाभिमान अवार्ड से सम्मानित किया गया। ग्राम में 21 पौधे का रोपण किया गया। 26 किसानों को सब्जी बीज वितरण किया गया। 158 छात्र-छात्राओ को कापी, पेन, पुस्तक वितरण किया गया। रम्भा देवी जोशी को समता साहित्य अकादमी शाखा जिला-बस्तर का संरक्षिका मनोनीत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष लछिन्धर नाग, सोमारू राम नाग, सरपंच बड़े बोदल गंगाराम कश्यप सरपंच, बुदरु राम नाग, मंगलसाय, झितरु पुजारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जनजातीय समाज के योगदान को कांग्रेस ने भुला दिया : सांसद

# पन्ना प्रमुख स्तर पर संगठन को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/भानपुरी

- सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान : दिनेश



बस्तर जिले के नारायणपुर विधानसभा में आयोजित मतदाता आभार सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक और वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने किसानों, महिलाओं, छात्रों के हित में ढेर सारे फैसले लिए हैं और भविष्य में भी समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के नए सोपान तय किए जाएंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा सभी किसानों को मिले ये सुनिश्चित करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता साल के 365 दिन जनता के बीच रहकर कार्य करता है, यह हमारे संगठन की ताकत है। बिजली की समस्या, पानी की समस्या सहित किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। मतदाता आभार सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नारायणपुर भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष तरुण चोपड़ा, विजय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल, महामंत्री प्रवीण सांखला, भास्कर जोशी, खितेष मौर्य सहित हजारों की संख्या में भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आजादी में जनजातीय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि देश की आजादी में जनजातीय समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसे कांग्रेस ने भुला दिया। कांग्रेस ने 60 सालों तक जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास किया। अब जनता कांग्रेस पार्टी की सच्चाई समझ चुकी है।

### 5 साल के कांग्रेस शासनकाल में लोग रहे परेशान

पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से विकास कार्योर् में तेजी आई है। भूपेश बघेल के 5 साल के कार्यकाल में जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित थी। साय सरकार के द्वारा बस्तर में आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।



## खबर संक्षेप



### डायरिया की रोकथाम के लिए प्रचार वाहन को किया रवाना

**कांकेर।** डायरिया के रोकथाम व प्रबंधन के लिए जिले में 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन-2024 का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के समस्त विकास खण्ड में भ्रमण कर लोगों को डायरिया से बचाव व उपचार संबंधी जानकारी देगी। कार्यक्रम के दौरान डायरिया से बचाव के लिए जिले के कुल 0-5 वर्ष के 84 हजार 860 बच्चों के घरों में मितानिनों के माध्यम से 2 ओआरएस के पैकेट तथा 14 जिंक की गोलियों का वितरण किया जा रहा है। सामुदायिक स्तर पर मितानिनों द्वारा ओआरएस घोल तैयार करने के लिए उचित विधि का प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्राम व पारा के परिवारों को स्वच्छता और सफाई के महत्व के बारे में शिक्षित किया जा रहा है, एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा माताओं एवं पालकों को डायरिया के खतरे के संकेत के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा, ओपी शंखवार जिला टीकाकरण अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रस्ताव एवं स्टीमेट बनाकर भेजा गया है जल्द ही नया स्कूल भवन तैयार किया जाएगा : शिक्षा अधिकारी

# भैसाकन्हार में स्कूल भवन की मांग पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन व जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भैसाकन्हार क गांव में लम्बे समय से स्कूल भवन न मिलने से नाराज बच्चों के पालकों ने स्कूल गेट पास आंदोलन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित महिला और पुरुषों ने स्कूल के गेट में ताला जड़कर सामने बैठ गए और प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की बीईओ से बातचीत हुई। बीईओ ने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव एवं स्टीमेट बनाकर भेजा गया है जल्द ही नया स्कूल भवन तैयार किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन खत्म किया।पालकों ने बताया कि पिछले कई साल से नए भवन की मांग की जा रही है। भवन के अभाव में बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। नए स्कूल भवन की मांग शासन प्रशासन से कई बार की जा चुकी है।लेकिन किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। जिस कारण हमें प्रदर्शन करना पड़ा।







### दो घंटे तक किया प्रदर्शन

बीईओ सदे सिंह कोमरे ने बताया नए स्कूल भवन की मांग को लेकर भैसाकन्हर के ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल में ताला लगाकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों को समझाया गया की ग्राम पंचायत की ओर से आया गया प्रस्ताव को स्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारी को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही स्कूल भवन निर्माण किया जाएगा। लगभग दो से ढाई घंटे ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

### माध्यमिक और हाईस्कूल है भवनविहीन

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत भैसाकन्हार (क) में ग्रामीणों ने बताया है कि यहां सन 1962 से प्राथमिक स्कुल कक्षा 5वी तक संचालित होता रहा है। सन 1996 में माध्यमिक शाला संचालित हुआ और 2016 में हाईस्कुल का शुभारंभ हुआ है तब से अब तक ना ही माध्यमिक शाला का भवन है और न ही हाईस्कुल का भवन है। जब कि बच्चों की दर्ज संख्या प्रतिवर्ष प्रयाप्त रहता है। भवन के अभाव में बच्चे बारिश के दिनों में भेड बकरीयों की तरह परेशानियां झेलते है भैसाकन्हर (क) के ग्रामीणों का आरोप है कि, लंबे समय से स्कूल भवन की मांग की जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन उनकी मांगे नहीं सुन रही है। हाईस्कूल के बच्चों के पास पढ़ाई करने के लिए उनका खुद का स्कूल भवन नहीं है।

### खाली पड़े बीएसएफ कैम्पों में लगाया जा सकता है स्कूल

श्री कोमरे ने बताया गांव में ही मुख्य सड़क के निकट बीएसएफ कैम्प खाली पड़ा हुआ। जिसमें स्कूल संचालित किया जा सकता है लेकिन ग्रामीण सहमत नहीं है। उक्त कैम्प को लगभग 8 लाख रुपये खर्च कर रेनोवेशन किया गया है जिसमे प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को समय समय पर कोचिंग दिया जाता है।

### बाहर जमीन पर बैठकर पढ़ते नजर आए बच्चे

स्कूल भवन की मांग को लेकर भानुप्रतापपुर के भैसाकन्हर के ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल में ताला लगाकर धरना प्रदर्शन किया। जिससे बच्चे स्कूल के बाहर खुले में बैठकर पढ़ते नजर आए। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की। समझाइश के बाद धरना खत्म हुआ।

### नपं अध्यक्ष ने विभिन्न कार्य के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा।

खनिज न्यास निधि से नगर पंचायत चारामा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो एवं जनहित में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने एवं राशि जारी कर प्रशासकीय स्वीकृति को लेकर 8 जुलाई को जिला प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के नाम नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में खनिज न्यास निधि नगर पंचायत चारामा क्षेत्र अंतर्गत नगरवासियों की मांग अनुरूपं विभिन्न वार्डो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने व चौक चौराहो का सौंदर्यकरण कार्य सहित विभिन्न विकास कार्य किया जाना हैं, जिसमे विकास कार्यो की स्वीकृति के लिए 225 करोड रूपएं राशि मांगी गई। मुक्तांजलि वाहन क्रय, छत्तीसगढ राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद मूर्ति स्थापना, युवाओं के प्रेरणा स्श्रोत स्वामी विवेकानन्द की आदमकद की मूर्ति स्थापना, अग्निशामक वाहन क्रय, नगर मे प्रकाश व्यवस्था एंव सौदर्यकरण के लिए 7 जगहों पर हाई मास्ट लाईट कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में व्यवसायिक काम्प्लेक्स निर्माण कार्य, नगर पंचायत कार्यालय एवं सांस्कृतिक भवन का डिजिटल वाल पेंटिग कार्य, नगर के विभिन्न वार्डो मे पेयजल के लिए बोर खनन, वार्ड क्रमाक 14 में बर्फानी मंदिर के पास रंगमंच निर्माण, वार्ड क्रमाक 9 में स्कूल के पास रंगमंच कार्य, वार्ड क्रमाक 5 मे चांदनी चौक में रंगमंच में निर्माण, थाना के पास गार्डन सह स्टील ग्रील निर्माण कार्य, वार्ड कमांक 1 व 2 में स्वागत गेट निर्माण कार्य, नगर पंचायत क्षेत्र अतर्गत दिशा सूचक बोर्ड स्थापना कार्य एवं वार्ड क्रमांक 1 मे नैनी नदी के पास शेड एवं वाउड्रीवाल निर्माण की माग की गई।

# कार्यों की प्रगति कागजों पर नहीं धरातल पर भी दिखनी चाहिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में हुई।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास निधि, विशेष केन्द्रीय सहायता मद, सीएसआर एवं जिला निर्माण समिति अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समीक्षा के दौरान डीएमएफ के अंतर्गत स्वीकृत कार्य विगत कई वर्षों से लंबित होने पर सभी जनपद सीईओ एवं निर्माण एजेंसियों से कहा कि अपूर्ण कार्य को पूर्ण कराने गंभीरता के साथ कार्य करें। उन्होने कहा कि शासन की मंशा है कि बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो और अधोसंरचना विकास, पुल-पुलिया, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्र में विकास हो। इसलिए सभी अधिकारी मिशन मोड में कार्यों को पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ से कहा कि विकासखण्ड स्तर पर भी बैठक लेकर अपूर्ण कार्यों में प्रगति लाने सतत समीक्षा करते रहें।

कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ सहित विभिन्न मदों में कई स्वीकृत कार्य अपूर्ण हैं। इन कार्यों की पूर्णता के लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ कार्य करें। कार्यों की प्रगति कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ के आगामी कार्य योजना में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं सहित अधोसंरचना विकास, शिक्षा क्षेत्र में जैसे स्कूल मरम्मत एवं जीर्णोद्वार, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण द्वारा दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण, आजीविका प्रशिक्षण, दूरस्थ अंचलों में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के साथ शामिल करने प्रस्ताव भेजें।

जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि, विशेष केन्द्रीय सहायता मद, सीएसआर एवं जिला निर्माण समिति के तहत स्वीकृत अपूर्ण कार्यों की वर्षवार एवं विकासखण्डवार जानकारी दी। इसमें स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण, भवन निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित अधोसंरचना विकास से संबंधित विभिन्न कार्य शामिल हैं। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों से कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनका यूसीसी अनिवार्य रूप से भेंजे। बैठक में वन मण्डलाधिकारी आलोक वाजपेयी, डीएमएफ के नोडल अधिकारी अशोक मारबल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एचआईवी पर कार्यशाला हुई मास्टर ट्रेनरों ने दी जानकारी



**कांकेर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय जेपरा में शाला त्यागी युवाओं के लिए एचआईवी एड्स पर जागरूकता संवेदीकरण एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र कांकेर और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। यह कार्यशाला में 16 वर्ष से 30 वर्ष के युवा युवतियों के लिए रखा गया था।

आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर इशरत बेगम ने युवाओं को प्रशिक्षण देते हुए एचआईवी एड्स विषय पर विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देकर युवाओं जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में विशेष तौर पर एचआईवी एड्स मनुष्य के शरीर में किस प्रकार प्रभाव डालता है। एचआईवी एड्स के लक्षण इसके फैलने के कारण तथा रोकथाम एवं उपाय संबंधित जानकारियां साझा की गई। साथ ही यह जानकारी अपने अन्य युवा साथियों के साथ साझा करने तथा ग्राम के लोगों को जागरूक करने का प्रयास करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टीआई दिलेश्वर चंद्रवंशी, विशेष अतिथि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा, स्कूल शिक्षक विष्णु कुमार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के जिला अधिकारी द्वारा किया गया।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

### नक्सल पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत

**कांकेर।** नक्सली पीड़ति व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास हेतु स्वीकृत कार्य योजना के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा अज्ञात माओवादियों द्वारा वाहन जलाये जाने के प्रकरण में वाहन मालिक को क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार पखांजूर तहसील के छोटेबेठिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बांगोभोड़यिा में रोड निर्माण कार्य में लगे ग्राम अंजली नगर नया बाजारपारा निवासी कमलेश मण्डल के वाहन जेसीबी और पोकलेन को अज्ञात माओवादियों द्वारा जला दिया गया, जिसके फलस्वरूप वाहन मालिक को क्षतिपूर्ति के तौर पर 12 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।






# बिजली कटौती एवं बिल में बढोतरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर के मुख्य चौक चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में जो बेतहाशा वृद्धि जनता से छल है। बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आमजनता एवं किसान परेशान हैं। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 8 जुलाई को प्रदेश के समस्त जिला, नगर,ब्लाक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत भानुप्रतापपुर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढाये गये विद्युत दर को वापस लिये जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आम जनता सहित किसान भाईयों को राहत पहुंचाये जाने की पुरजोर मांग की गई।

धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की भजपा सरकार ने सत्ता सम्हालते ही प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को लूटने की तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रहे हैं। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश कांग्रेस सचिव जनक नंदन कश्यप,कृष्ण टेकाम,अमृत संचेती,राजकुमार ठाकुर,चेतन मरकाम, तुषार ठाकर,विजय धामेचा,प्रमोद कोमरे,भगवती गजेंद्र, सीमा सेन गुप्ता,सुरेश पंजवानी,गुरदीप सिंह ढींडसा,जितेंद्र बेंजामिन, गोकुल नेताम, भगवान सिंह कुंजाम,नरेंद्र कुलदीप, शांति ठाकुर,मुकेश चन्द्राकर,निकेश सिंह,श्याम शुक्ला,रवि दुग्गा, संजु नेताम,मिंदी सोनवानी,पुरषोत्तम कुंजाम, त्रिलोक चोपड़ा ने कहा राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में



विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता, किसान, और छात्र परेशान हैं। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित बिजली कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 8 जुलाई को प्रदेश के समस्त मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत भानुप्रतापपुर नगर के मुख्य चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया।

### शहर और गांव की जनता जूझ रही

नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा कि बिजली की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही हैं।कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था। इसका लाभ प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था। वहीं विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है।भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुना राम तेता ने कहा कांग्रेस बिजली दरों में बढ़ोतरी व अघोषित विद्युत कटौती के विरिध में आम जनता के साथ खड़ी है। इसी कड़ी में यह धरना आंदोलन आज किया जा रहा है।